**Publication**: Punjab Kesari **Edition:** National **Date:** 10th March, 2017

# प्रख्यात ब्रांड्स और लीडर्स को किया गया सम्मानित

व्हाईट पेज इंटरनेशनल ने हाल ही में पीडब्ल्यूसी के सहयोग से भारत के मोस्ट अडमायर्ड ब्रांड्स एंड लीडर्स 2016-17की सूची जारी की। सूची और कॉफी टेबल बुक जिसमें प्रख्यात ब्रांड्स एवं लीडर्स की यात्रा का विवरण है इस मौके पर माननीय वित्त, योजना एवं वन मंत्री (महाराष्ट्र) श्री सुधीर मुनगंटीवार मुख्य अतिथि थे। अनुसंधान की इस सूची में विभिन्न उद्योग क्षेत्रों जैसे ऑटोमोटिव एवं सहायक उद्योगों, निजी देखभाल, जीवनशैली, कंज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, घरेलू उत्पाद, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एफएमसीजी, बीएफएसआई, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य सेवा एवं वैलनेस तथा अन्य सेवाओं से जुड़े ब्रांड्स शामिल हैं। कंपनी के नॉन-एग्जूक्टिव चेयरमैन डॉ. मैल्कोम मैक डॉनल्ड ने कहा कि हम अडमायर्ड ब्रांड्स का पांचवा संस्करण जारी कर रहे हैं, यह पांचवां संस्करण उन ब्रांड्स पर रोशनी डालेगा जो अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए अपने उत्कृष्ट प्रयासों को जारी रखे हुए हैं। इस मौके पर मुझे बेहद खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। मैं इंडियाज मोस्ट अडमायर्ड ब्रांड्स 2017 के विजेताओं को बधाई देता हूं। मैं माननीय जूरी सदस्यों के प्रति भी आभारी हूं, जिन्होंने इस प्रक्रिया में अपना सराहनीय योगदान दिया है। पैनल पर मौजूद सदस्यों रोहित ओहरी (ग्रुप चेयरमैन एवं सीईओ, एफसीबी इंडिया) आशीष भसीन (चेयरमैन और सीईओ साउथ एशिया-डेन्ट्सू नेटवर्क), सुनील लुल्ला (चेयरमैन और प्रबंध निदेशक-ग्रे ग्रुप इंडिया) और ओलिवर ईल्स (प्रबंध निदेशक, पब्लिसिटास अमेरिकास), टाहा कोबर्न-कुटे (चेयरमैन, यूके एशियन बिजनेस काउन्सिल) और कविता लखानी (प्रेजीडेन्ट, गो लिनोपिनियन) शामिल थे।